# AEU2(H)

Roll No. ..........................

Total No. of Printed Pages – **12**

Total No. of Questions – **6**

Maximum Marks – **70**

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs in Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book, will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, and (b) the answer book in respect of descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

www.CAclubindia.com

---

## PART – II **70 Marks**

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working note should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

## PART – II

1. State with reasons whether the following statements are correct or incorrect. (Answer any **seven**) 7×2 = 14

(a) The "documentation of the overall audit strategy" is a record of the audit evidences considered necessary to properly plan the audit and to assign various audit functions to the engagement team.

(b) Communicating key audit matters in the auditor's report is a separate opinion on individual matters.

(c) Amortization represents systematic allocation of the depreciable amount of an item of Property, Plant and Equipment (PPE) over its useful life.

(d) As per section 142 of Companies Act, 2013, the remuneration to the auditor shall also include any facility provided to him.

(e) Appropriateness is the measure of the quantity of audit evidence.

(f) Analytical procedures are used in all stages of audit by experienced auditors.

(g) In the case of Co-operative societies, contribution to Education fund is a charge on profits and not an appropriation.

(h) If a company uses an integrated enterprise resource planning system (ERP) viz., SAP, Oracle etc., then it is considered less complex and easy to audit compared to using an off-the-shelf accounting software.

2. (a) While designing an audit sample, the auditor shall determine a sample size sufficient to reduce the sampling risk to an acceptably low level. In this context, explain sampling risk and non-sampling risk. 4

(b) You are appointed as an auditor of Gama Ltd. Your audit assistant wants to understand the meaning of Audit Risk. Explain him the meaning of Audit Risk with example. Also guide him as to what is not included in Audit Risk. 4

www.CAclubindia.com

(c) An auditor has to exercise professional judgement in determining materiality. Explain the factors that may affect the identification of an appropriate benchmark in determining materiality for the financial statements as whole. **3**

(d) While auditing in an automated environment how data analytics can be used in testing electronic records and data residing in IT systems using spread sheets and specialised audit tools ? **3**

3. (a) CA P is the auditor of MN Ltd. While scrutinising the accounts of MN Ltd., he observed that the company had large volume of Trade payable outstanding in the Balance sheet as on 31st March, 2023 for which external confirmations are not available. CA P wants to send external confirmation request to selected Trade payables but management of MN Ltd. refused for the same. Discuss how CA P should deal in this regard as per relevant Standard on Auditing. **4**

(b) Management of D Ltd. has issued shares at a discount to its creditors. Explain the provisions of the Companies Act, 2013 when shares are issued at a discount to creditors ? As an auditor what will be your concern of checking in such a case ? **4**

(c) X Ltd. is a hardware manufacturing company. At each and every stage of production processes large amount of scrap is generated in the factory and subsequently sold. As an auditor how will you vouch/ verify the sale of scrap ? **3**

(d) CA Q, the auditor of XYZ Ltd, while conducting audit observes that the company has made various provisions in the books of account. What are the audit procedures that CA Q will follow to verify the existence, completeness, and valuation of the provisions made ? **3**

www.CAclubindia.com

4. (a) CA D has been appointed as an auditor of LMP Ltd. Before developing an overall audit plan, CA D wants to get an understanding and knowledge of the Client's business including applicable financial reporting framework. Guide CA D in understanding of the same with reference to the relevant Standard on Auditing. **4**

(b) ABC Ltd. is a public company, which has availed various loans and cash credit facilities from Banks and other financial institutions. The company has defaulted in repayments of such borrowings during the year under audit. What are the reporting requirements in this regard under the Companies (Auditor's Report) Order, 2020 ? **4**

(c) The reliability of data is influenced by its source and nature and is dependent on the circumstances under which it is obtained. Explain the factors that are relevant when determining whether data is reliable for purposes of designing substantive analytical procedures. **3**

(d) As a part of Risk assessment, the auditor shall determine whether any of the risks identified are in the auditor's judgement a significant risk. Mention any three guiding factors to judge as to which risks are significant risks ? **3**

5. (a) S Ltd., a large textile manufacturing company, due to heavy recession in the market was unable to collect amount of huge receivables in time and also holding large amounts of stock of raw materials and finished goods since last 9 months of the Financial Year 2022-23. **4**

From your primary observations of audit evidences you feel that there is a material uncertainty exists about going concern.

How will you deal in your audit report ?

What will be the effect on your audit opinion in the following situations ?

(i) If adequate disclosure of such material uncertainty is already made in the financial statements.

(ii) If adequate disclosure of such material uncertainty is not made in the financial statements.

www.CAclubindia.com

(b) During the course of audit of PQR Ltd, the statutory auditor CA G came across payments made to various creditors aggregating to ₹ 75 lakhs. On verifying the same it is found that the accounts manager had accounted for fake invoices of credit purchases for ₹ 25 lakhs in the books of account in the name of one bogus creditor Mr. X . 4

Discuss the duties of auditor with reference to the provisions of Companies Act, 2013 and also the disclosure requirements in the Board's Report.

**OR**

CA. Z, a Chartered Accountant is the Senior manager of a Multi-State co-operative society in Mumbai. He is proposed to be appointed as an auditor of the said Multi-State Co-operative society. Analyse the provisions of the Multi-State Co-operative Societies Act, 2002 and comment on validity of proposed appointment.

(c) Elucidate the circumstances when a modification to the Auditor's opinion is required. Also state the factors for making the decision regarding which type of modified opinion is appropriate. 3

(d) Management is often in the best position to perpetrate fraud. As an auditor you are suspecting existence or suspicion of fraud from management. Give any three examples of "others within the entity" to whom direct inquiries can be made. 3

6. (a) ATM Ltd. is a public company, with a paid up capital of ₹ 12 crore. The company has made a turnover of ₹ 105 crore in the Financial Year 2021-22. The outstanding loan as on 31-03-2022 was ₹ 32 crore. Whether ATM Ltd. is required to constitute an Audit Committee in the financial year 2022-23 ? Analyse the provisions of Companies Act, 2013 and give your comments. 4

www.CAclubindia.com

(b) SK & Co, a Chartered Accountant firm has been appointed an auditor of Metro Rail project in City A. Since the project is on large scale it involves a high volume of resources (financial, human and physical resources). The appointing authority C&AG requires an objective examination of the financial and operational performance of the Metro Rail project. Explain the nature and scope of audit that SK & Co will undertake. 4

www.CAclubindia.com

(c) A Ltd. has availed Cash Credit facilities against Stock and Book Debt, Term Loan for machineries and Bank Guarantee from Big Bank Ltd. A Ltd. furnishes stock statements and age wise list of debtors to Big Bank Ltd. on regular basis. Concurrent Auditors of Big Bank Ltd. mentioned about wrong calculation of Drawing Power by the Bank Branch along with sanctioned limit, and balances overdrawn due to wrong calculation of Drawing Power (DP) in the monthly report. Explain the meaning of drawing power and how it differs from sanctioned limit ? What is to be ensured while computing Drawing Power (DP) ? 3

(d) CA B is appointed as the auditor of a Public Charitable Trust. Guide him the focus area of attention relating to the vouching and verification of expenditure of charitable institution. 3

---

## PART – II

1. कारणों सहित बताइये कि निम्न कथन सही हैं या गलत : (किन्हीं सात के उत्तर दें) 7×2 = 14

(a) समग्र अंकेक्षण रणनीति का दस्तावेजीकरण, अंकेक्षण साक्ष्यों का रिकॉर्ड है, जो अंकेक्षण की उचित योजना और कार्यदल को विभिन्न अंकेक्षण कार्यों को सौंपने के लिए आवश्यक है ।

(b) लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में प्रमुख लेखा परीक्षा मामलों का संचार करना व्यक्तिगत मामलों पर एक अलग राय है ।

(c) परिशोधन (Amortization) संपत्ति, प्लाण्ट व उपकरण (PPE) के अवक्षयी मूल्य (Depreciable amount) का आवंटन उसके उपयोगी वर्ष में दिखाता है ।

(d) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142 के अनुसार लेखा परीक्षक को दिए जाने वाले पारिश्रमिक में उसे दी जाने वाली सुविधाएँ भी शामिल होंगी ।

(e) उपयुक्तता लेखा परीक्षा साक्ष्य की मात्रा का माप है ।

(f) अनुभवी लेखा परीक्षकों द्वारा विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं का प्रयोग लेखा परीक्षा के सभी चरणों में किया जाता है ।

(g) सहकारी सोसायटी के मामले में, शिक्षा कोष में योगदान लाभ पर शुल्क है और यह एक विनियोग नहीं है ।

(h) यदि एक कंपनी एकीकृत संस्था संसाधन नियोजन सिस्टम (ERP) जैसे SAP, Oracle आदि का उपयोग करती है तब इसे off-the-shelf लेखांकन सॉफ्टवेयर के प्रयोग की तुलना में कम जटिल व अंकेक्षण के लिए आसान माना जाता है ।

2. (a) अंकेक्षण नमूना डिजाइन करते समय लेखा परीक्षक एक नमूना आकार तय करेंगे जिससे नमूना जोखिम को स्वीकार्य स्तर तक कम किया जा सके । इस परिप्रेक्ष्य में नमूना जोखिम और गैर–नमूना जोखिम को समझाइये । 4

(b) आपको Gama Ltd. का लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है । आपका लेखा परीक्षा सहायक लेखा परीक्षा जोखिम के अर्थ को समझना चाहता है । उसे उदाहरण सहित लेखा परीक्षा जोखिम का अर्थ समझाइये । साथ ही उसका मार्गदर्शन करें कि लेखा परीक्षा जोखिम में क्या शामिल नहीं है । 4



www.CAclubindia.com

(c) लेखा परीक्षक को भौतिकता के निर्धारण में पेशेवर निर्णय का प्रयोग करना पड़ता है । संपूर्ण रूप से वित्तीय वक्तव्यों के लिए भौतिकता का निर्धारण करने में कारक जो उपयुक्त बेंचमार्क की पहचान को प्रभावित करते हैं उन्हें समझाइये । **3**

(d) स्वचालित वातावरण में लेखा परीक्षण में डाटा विश्लेषण को इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तथा स्प्रेडशीट (spread sheets) व विशिष्ट ऑडिट टूल्स (specialised audit tools) का प्रयोग करते हुए I.T. सिस्टम में स्थित डाटा के परीक्षण हेतु कैसे प्रयोग किया जा सकता है ? **3**

3. (a) CA P, MN Ltd. के लेखा परीक्षक हैं । MN Ltd. के लेखों की जाँच के दौरान, उन्होंने देखा कि कंपनी की 31 मार्च, 2023 की बैलेंस शीट में व्यापार लेनदारों (Trade payable) के बकाया का बड़ा आकार था जिसके लिए बाहरी पुष्टीकरण उपलब्ध नहीं हैं । CA P चयनित व्यापार लेनदारों (Trade payables) को बाहरी पुष्टीकरण भेजना चाहता है, लेकिन MN Ltd. के प्रबंधन ने इसके लिए मनाही की है । चर्चा कीजिये कि संबंधित SA के अनुसार CA P को इसको कैसे निपटना चाहिये । **4**

www.CAclubindia.com

(b) D Ltd. के प्रबंधन ने लेनदारों को बट्टे पर अंश जारी किये हैं । लेनदारों को बट्टे पर अंश जारी करने के संदर्भ में कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों को बताइये । बतौर एक लेखा परीक्षक, उपरोक्त मामले की जाँच में आपको क्या ध्यान में रखना होगा ? **4**

(c) X Ltd. हार्डवेयर निर्मात्री कंपनी है । कारखाने में निर्माण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में बड़ी तादाद में स्क्रेप पैदा होता है जिसे कि बाद में बेचा जाता है । एक लेखा परीक्षक के रूप में आप स्क्रेप की बिक्री का प्रमाणन / जाँच कैसे करेंगे ? **3**

(d) CA Q, XYZ Ltd. के लेखा परीक्षक ने लेखा परीक्षण में पाया कि कंपनी ने बहीखातों में विभिन्न प्रावधान किये हैं । प्रावधानों के अस्तित्व, पूर्णता तथा मूल्यांकन की जाँच हेतु CA Q कौन सी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं का पालन करेंगे ? **3**

4. (a) CA D को LMP Ltd. का लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है । समग्र लेखा परीक्षा योजना के विकास से पूर्व, CA D ग्राहक के व्यवसाय, जिसमें लागू होने वाला वित्तीय रिपोर्टिंग ढाँचा शामिल है, की समझ व ज्ञान प्राप्त करना चाहता है । लागू होने वाले लेखा परीक्षा मानक के संदर्भ में CA D को उपरोक्त की समझ लेने के लिए मार्गदर्शन कीजिये । 4

(b) ABC Ltd. एक सार्वजनिक कंपनी है, जिसने बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थानों से कई ऋण व कैश क्रेडिट सुविधाएँ ली हुई हैं । लेखा परीक्षा वर्ष के दौरान कंपनी ने इन ऋणों के भुगतान में चूक की है । कंपनीज (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 के अनुसार इस संबंध में क्या रिपोर्टिंग आवश्यकताएँ हैं ? 4

(c) डाटा की विश्वसनीयता उसके स्रोत व प्रकृति से प्रभावित होती है व उसके प्राप्ति की परिस्थितियों पर निर्भर होती है । मौलिक विश्लेषणात्मक प्रविधियों की डिजाइनिंग के उद्देश्य से डाटा की विश्वसनीयता जाँचने के लिए कौन से कारक (factors) उपयुक्त हैं, समझाइये । 3

(d) जोखिम मूल्यांकन के भाग के अनुसार, लेखा परीक्षक यह निर्धारित करेगा कि क्या पहचाने गए जोखिमों में से किसी भी लेखा परीक्षक के निर्णय में, एक महत्वपूर्ण जोखिम है । ऐसे किन्हीं तीन दिशानिर्देश तत्त्वों को बताइये जो कि यह निर्णय करते हैं कि कौन से जोखिम महत्वपूर्ण जोखिम हैं । 3

www.CAclubindia.com

5. (a) S Ltd., एक बड़ी टेक्सटाईल निर्मात्री कंपनी है, बाजार में भारी मंदी के कारण बड़ी तादाद में देनदारों से वसूली नहीं हो सकी तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 में पिछले 9 माह से बड़ी राशि का कच्चा माल व तैयार माल का स्टॉक रखा हुआ है । 4

लेखा परीक्षा साक्ष्यों के प्रारंभिक अवलोकन पर आपको यह महसूस होता है कि निरंतर चलते रहने (going concern) के बारे में महत्वपूर्ण अनिश्चितता है । आप लेखा परीक्षा रिपोर्ट में इससे कैसे निपटेंगे ?

आपकी लेखा परीक्षा राय पर निम्न परिस्थितियों में क्या प्रभाव होगा ?

(i) यदि ऐसी महत्वपूर्ण अनिश्चितता का पर्याप्त प्रकटन पहले से ही वित्तीय विवरणों में कर दिया गया है ।

(ii) यदि ऐसी महत्वपूर्ण अनिश्चितता का पर्याप्त प्रकटन वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है ।

(b) PQR Ltd. की लेखा परीक्षा के दौरान, वैधानिक लेखा परीक्षक CA G के ध्यान में कई लेनदारों को ₹ 75 lakhs का किया हुआ भुगतान आया । जाँच करने पर यह पाया गया कि लेखा प्रबंधक ने ₹ 25 लाख के जाली खरीद के बिलों का लेखा एक जाली लेनदार Mr. X के नाम में बहीखातों में किया था । कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में लेखा परीक्षक के कर्तव्यों व इस संबंध में बोर्ड की रिपोर्ट में प्रकटन आवश्यकताओं की चर्चा करें । 4

अथवा

CA. Z, एक सनदी लेखाकार मुम्बई में एक बहुराज्य सहकारी समिति के वरिष्ठ प्रबंधक हैं । उन्हें इस बहुराज्य सहकारी समिति का लेखा परीक्षक नियुक्त किया जाना प्रस्तावित है । बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के प्रावधानों का विश्लेषण कीजिये तथा प्रस्तावित नियुक्ति की वैधता पर टिप्पणी कीजिये ।

(c) उन परिस्थितियों को बताइये जब कि लेखा परीक्षक की राय में संशोधन आवश्यक है । साथ ही उन तत्त्वों (factors) को बताइये जो कि यह निर्णय करते हैं कि किस प्रकार की संशोधित राय उपयुक्त है । 3

(d) प्रबंधन प्राय: कपट करने की सर्वोच्च स्थिति में होता है । एक लेखा परीक्षक के नाते आपको कपट की मौजूदगी या प्रबंधन द्वारा कपट का संदेह है । “संस्था में अन्य व्यक्तियों” के कोई तीन उदाहरण दीजिये जिनसे प्रत्यक्ष पूछताछ की जा सकती है । 3

6. (a) ATM Ltd. ₹ 12 करोड़ की प्रदत्त पूँजी (Paid up capital) के साथ एक सार्वजनिक कंपनी है । कंपनी की वित्तीय वर्ष 2021-22 में बिक्री ₹ 105 करोड़ थी । 31-03-2022 को बकाया ऋण ₹ 32 करोड़ थे । क्या ATM Ltd. के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ऑडिट कमीटी के गठन की आवश्यकता है ? कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का विश्लेषण कीजिये तथा अपनी टिप्पणी कीजिये । 4



www.CAclubindia.com

(b) SK & Co, एक सनदी लेखाकार फर्म को सिटी A के मैट्रो रेल प्रोजेक्ट का लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है । चूँकि प्रोजेक्ट बड़े पैमाने का है अत: यह बड़ी मात्रा में संसाधन (वित्तीय, मानव व भौतिक संसाधनों) को शामिल करता है । नियुक्ति प्राधिकारी C&AG मैट्रो रेल प्रोजेक्ट की वित्तीय तथा क्रियात्मक निष्पत्ति की उद्देश्य परख जाँच चाहते हैं । SK & Co द्वारा की जाने वाली लेखा परीक्षा की प्रकृति व क्षेत्र को बताइये । **4**

(c) A Ltd. ने Big Bank Ltd. से स्टॉक व देनदारों के विरुद्ध कैश क्रेडिट सुविधा, मशीनरी के लिए सावधि ऋण तथा बैंक गारंटी ली है । A Ltd. ने नियमित आधार पर स्टॉक स्टेटमेंट व उम्रानुसार (age wise) देनदारों की सूची पेश की है । Big Bank Ltd. के समवर्ती अंकेक्षक (concurrent auditor) ने अपनी मासिक रिपोर्ट में बैंक की शाखा द्वारा निकासी सीमा की गलत गणना के साथ अनुमत सीमा (Sanctioned Limit) की गलत गणना तथा निकासी सीमा (DP) की गलत गणना के कारण शेष अधिक आहरित (balances overdrawn) बताया है । निकासी सीमा के अर्थ को बताइये तथा यह अनुमत सीमा (Sanctioned Limit) से कैसे भिन्न है ? निकासी सीमा (DP) की गणना करते समय क्या सुनिश्चित किया जाना चाहिए ? **3**

(d) CA B को सार्वजनिक पुण्यार्थ संस्था का लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है । उन्हें पुण्यार्थ संस्था के खर्चों के प्रमाणन तथा जाँच करने में ध्यान देने वाले क्षेत्रों के बारे में सलाह दें । **3**

---

www.CAclubindia.com

# AEU2(H)

रोल नं. ............................ कुल पृष्ठ – 12

कुल प्रश्नों की संख्या – 6 अधिकतम अंक – 70

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. भाग-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. भाग-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. भाग-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । भाग-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखना है । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे हैं । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का भाग-I और (b) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित निरीक्षक को जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

---

## भाग – II 70 अंक

1. भाग–II में 6 प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है तथा शेष 5 प्रश्नों में से किन्हीं 4 का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।



www.CAclubindia.com